

# बाल्टी से पीट-पीट कर ईंटा प्लांट मालिक की निर्मम हत्या

## नवानगर थाना क्षेत्र के नन्दगांव की घटना, पति-पत्नी के विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचा था मृतक, आरोपी की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। पति-पत्नी के विवाद में एक ईटा व्यवसायी यानी मालिक को महंगा पड़ गया। आरोपी ने ईटा व्यवसायी को बाल्टी से पीट-पीट कर मौत की नींद सुलाते हुये फरार हो गया। यह घटना नवानगर थाना क्षेत्र के ग्राम नन्दगांव की है। बीती रात करीब 11 बजे से लेकर 1 बजे के बीच यह सनसनी खेज वारदात हुई।**

घटना की जानकारी मिलते ही टीआई कपूर त्रिपाठी अपने बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये आरोपी के तलाश में जुट गया। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना जियावन क्षेत्र क ग्राम सरौंधा निवासी मंगल सिंह गोड़ अपनी पत्नी गुड्डुन के साथ बतौर मजूदर के रूप में नवानगर थाना क्षेत्र के नन्दगांव स्थित छोटे कुशवाहा ईट संचालक के भट्ठा में



कार्य कर रहा था। जहां शराब के नशे में धुत्त होकर आये दिन अपनी पत्नी गुड्डुन के साथ मारपीट करता आ रहा था रविवार की रात करीब 11 बजे कमरे के बाहर गुड्डुन झाड़ू लगा रही थी और मंगल सिंह कमरे में शराब पी रहा था। किसी बात को लेकर आरोपी मंगल उम्र 40 वर्ष बाहर आया और अपनी पत्नी को मारने लगा।

शोर-शराबा, हल्ला-गुहार व चीख-पुकार सुन कर ईट प्लांट के मालिक छोटे कुशवाहा उम्र 55 वर्ष स्थल पहुंच मंगल सिंह को समझाने लगा और जब वह नही माना तो छोटे कुशवाहा एवं अन्य मजदूर मिल कर मंगल सिंह का हाथ बांध दिये। छोटे कुशवाहा वहीं बैठा रहा। अन्य मजदूर अपने कमरे में चले गये।

बताया जाता है कि कुछ देर बाद आरोपी मंगल सिंह हाथ छोड़ा लिया और वही रखी स्टील बाल्टी से छोटे कुशवाहा पर हमला बालते हुये गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख-पुकार सुन कर अन्य मजदूर भी आये, लेकिन तब तक में अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी भाग खड़ा हुआ। वहीं गंभीर रूप से घायल ईटा प्लांट मालिक छोटे कुशवाहा की मौत हो गई।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही टीआई नवानगर कपूर त्रिपाठी अन्य स्टाफ के साथ स्थल पहुंच जांच-पड़ताल करते हुये आरोपी के तलाश में जुट गये।

### मृतक के घर सांत्वना देने पहुंचे विधायक

जानकारी के अनुसार नन्दगांव निवासी 55 वर्षीय प्रौढ़ छोटे कुशवाहा की निर्मम हत्या किये जाने की जानकारी मिलते ही विधायक रामनिवास शाह आज सुबह मृतक के घर पहुंच ढांढस बंधाया और कहा कि आरोपी जो भी है, वे पकड़े जाएंगे। घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुये परिवार जनों को सांत्वना देते हुये ढांढस बंधाया। इस दौरान मौके पर मौजूद नवानगर पुलिस से कहा कि आरोपी को शीघ्र धरपकड़ करे। इधर बताते चले कि आरोपी ने अपनी पत्नी को बेरहमी से मारपीट किया था। जहां उसे भी चोंटे आई हैं। लेकिन उक्त घटना के बाद नन्दगांव में शोक व्याप्त है।

### बस एवं ट्रैक्टर में टक्कर, बाल-बाल बची सवारी



सिंगरौली से चितरंगी जा रही जायसवाल ट्रेवल्स बस क्रमांक एमपी 66 पी 0269 एवं ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। यह घटना बरगवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर में आज दोपहर करीब 3 बजे की है। गनिमत रही कि इसमें किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई है। दरअसल बस अपने स्पीड में थी, अचानक बल्ली-प्लेट लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालक ने सड़क पार करने लगा। जहां दोनों वाहनों के इंजन साईड से भीड़ गये। जहां अफरा-तफरी मच गई।

### इनका कहना :-

नन्दगांव में ईटा कारोबारी की एक श्रमिक ने स्टील के बाल्टी से हमला कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी फरार है। जिसकी तलाश जारी है। विवाद की जड़ पति-पत्नी आपस में लड़ रहे थे। जहां मृतक बीच-बचाव करने पहुंचा था।

**कपूर त्रिपाठी**
निरीक्षक, थाना नवानगर



# विधायक, अध्यक्ष एवं ननि आयुक्त ने बैढ़न बाजार का किया भ्रमण

## सब्जी मण्डी, काली मंदिर मार्ग, बस स्टैण्ड का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। शहर की यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के उद्देश्य से आज दिन सोमवार की देर शाम विधायक रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, ननि आयुक्त सविता प्रधान, पार्षद सीमा जायसवाल ने बाजार के प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया।**

दरअसल काली मंदिर एवं सब्जी मण्डी मार्ग में फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से रोजाना जाम लगता है। यहां तक कि सब्जी मण्डी मार्ग में दोनों सड़क हमेशा बाधित रहती है। उसका कारण अतिक्रमण है। विधायक, अध्यक्ष व आयुक्त एवं, उपायुक्त आरपी बैस, पार्षद समेत शहर के प्रबुद्ध नागरिको के साथ काली मंदिर मार्ग, सब्जी मण्डी व बस स्टैण्ड पैदल पहुंच यातायात व्यवस्था का जायजा लिये और सड़क पर आवागमन निर्वाध गति से होता रहे। ननि अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## एक नजर में

### फुटबॉल टूर्नामेंट में झलरी बना चैम्पियन



**सिंगरौली।** सरई तहसील अन्तर्गत धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के आसपास के गांवों में युवाओं को खेलों के प्रति बढ़ावा देने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से सिंह स्पोर्टिंग क्लब, धिरौली द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर बीते शनिवार को धिरौली गांव में आयोजित फाइनल मुकाबले में झलरी की टीम ने धिरौली की टीम को 2.0 से हराकर विजयी ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इससे पहले सेमीफाइनल मैच में झलरी की टीम ने पोड़ीपाठ की टीम को हराया था और धिरौली की टीम ने सिरसवाह को शिकस्त देकर फाइनल मुकाबले के लिए अपनी जगह बनाई थी।

### श्रीगणेश चतुर्थी पर्व पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित



**विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे. फैन्सी ड्रेस, नृत्य, कहानी सुनाना, सुंदर कांड, लड्डू खाना, शंखनाद, रंगोली, चित्रकला, पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा समिति द्वारा शाम 7 बजे से फैन्सी ड्रेस, डांस एवं कहानी सुनाना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# वृत्त एवं लेखा शाखा का प्रभार छोटेलाल पनिका को मिला

## आयुक्त ने उपयंत्रियों के प्रभार में भी किया आंशिक परिवर्तन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। नपानि आयुक्त सविता प्रधान ने वृत्त एवं लेखा शाखा के साथ-साथ उपयंत्रियों के प्रभार में भी आशिंक परिवर्तन आदेश जारी किया है।**



जानकारी के अनुसार वृत्त एवं लेखा शाखा में पदस्थ रामसेवक वर्मा सहायक ग्रेड-दो का कार्य छोटलाल पनिका सहायक ग्रेड-दो को सौपा है। वहीं छोटेलाल पनिका का कामकाज रामसेवक वर्मा को सौपा गया है। वहीं नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक विद्युत संबंधी समस्त कार्यो के नोडल अधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय सहायक यंत्री होंगे। संतोष पाण्डेय एसडीओ उक्त कार्य अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ अग्रिम आदेश तक विद्युत संबंधी कार्य को भी संपादित करेंगे। आयुक्त ने उपयंत्रियों के वार्डो में भी फेरबदल किया है। उपयंत्री दिनेश सोलंकी को वार्ड 1 से 11, जितेन्द्र कुमार को 12 से 33 एवं विशाल खत्री को 36 से 45 तक के विद्युत संबंधी कार्य देखेंगे। इसके अलावा प्रभारी उपयंत्री अनुज सिंह अपने कार्य के साथ-साथ वार्ड क्रमांक 38 एवं 39 में उपयंत्री का कार्य आगामी आदेश तक संपादित करेंगे। वही पिछले दिनों निलंबित उपयंत्री ध्रुव कुमार सिंह के वार्डो 43 से 45 के समस्त कार्यो का प्रभार वापस लेते हुये प्रभारी सहायक यंत्री आलोक टिरू को अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है।

### दो उपयंत्रियों को परिसंपत्तियों के सर्वे के लिए लगाई ड्यूटी

एनसीएल जयंत, दुद्धिचुआ विस्तार परियोजना के लिए ग्राम पंजरेह, मेढ़ौली, चटका, झिंगुरदह का अधिग्रहण भारत सरकार द्वारा किया जा चुका है। मोरवा जोन के उक्त वार्डो में अर्जित भूमि पर स्थित निगम स्वामित्व के परिसंपत्तियों के सर्वेक्षण एवं जानकारी संकलित करने के लिए नपानि आयुक्त सविता प्रधान ने उपयंत्री प्रवीण गोस्वामी एवं संजीव अहिरवार की ड्यूटी लगाई है। उक्त दोनों उपयंत्रियों को पूर्व में सौपे गये समस्त दायित्वों से मुक्त करते हुये उप कार्यालय मोरवा में निगम परिसंपत्तियों केसंपूर्ण सर्वेक्षण करने एवं सर्वेक्षण पश्चात एनसीएल से अवार्ड पारित तक पदस्थ रहेंगे।

# कबड्डी में डिग्री कॉलेज ए एवं फुटबॉल में एमएससी बार्सीलोना टीम ने मारी बाजी

## राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेल समारोह आयोजित, मंत्री, विधायक, मेयर, ननि अध्यक्ष व कलेक्टर रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम, बैढ़न में तीन दिवसीय खेल समारोह का आयोजन किया गया। जिसका समापन हो गया।**



इस अवसर पर मंत्री राधा सिंह, विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला शाह एवं एसपी मनीष खत्री मौजूद रहे। तीन दिवसीय आयोजित खेल प्रतियोगिता की कड़ी में आर्चरी प्रतियोगिता इंडियन राउंड परिणाम घोषित हुआ। अंडर 13 बालक वर्ग प्रथम अर्थव सिंह, द्वितीय अयान सिंह एवं तृतीय औंर्व दुबे रहे। वहीं अंडर 13 बालिका वर्ग में प्रथम भाव्या सिंह, द्वितीय भार्गवी, तृतीय ज्योत्सना अर्जित किया। अंडर 15 बालक वर्ग में प्रथम आयुष प्रताप सिंह, द्वितीय आदित्य सिंह, तृतीय स्थान सूर्यबली प्राप्त की। अंडर 15 बालिका वर्ग में प्रथम एंजल विनीष, द्वितीय राजविका सिंह तृतीय स्थान आन्या दुबे ने हासिल किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में प्रथम प्रस्तिवा साकेत अर्जित किया। साथ ही आर्चरी प्रतियोगिता रिकर्व राउंड परिणाम में अंडर 13 बालक वर्ग में प्रथम अभय बैस, अंडर 15 बालक वर्ग में प्रथम आयुष बैस, अंडर 17 बालक वर्ग में प्रथम आदित्य राज सिंह, अंडर 17 बालिका वर्ग में प्रथम भाव्या जायसवाल ने बाजी मारी। इधर कबड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग चार टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम मैच में डिग्री कॉलेज ए - बनाम डिग्री कॉलेज बी हुई। जिसमें विजेता डिग्री कॉलेज ए 31 अंक से हासिल की। द्वितीय मैच में चाचर कबड्डी टीम बनाम कन्या महाविद्यालय बैढ़न में हुई। जहां विजेता चाचर कबड्डी टीम 24 अंक से अर्जित की। वहीं फाइनल डिग्री कॉलेज ए बनाम चाचर टीम में हुई। जिसमें विजेता डिग्री कॉलेज ए 33.13, 20 अंक से विजय हुई। साथ ही पुरुष वर्ग चार टीमों ने भाग लिया।

# विंध्याचल में नो फ्लेम, ऑल फेम हेल्दी कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 1 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा एक अनोखी एवं मनोरंजक स्वस्थ्य कुकिंग प्रतियोगिता नो फ्लेम, ऑल फेम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य बिना आग के प्रयोग के पौष्टिक भोजन और पाक कला में रचनात्मकता को बढ़ावा देना था।**



इस प्रतियोगिता में 21 टीमों 40 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनफ्राइड दही वड़ा, गाजर मोदक, खीरा सुशी और सैंडविच रोल्स जैसे कई आकर्षक और नवीन व्यंजन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. प्रतिमा महिंद्रा, सीनियर स्पेशलिस्ट विंध्य हॉस्पिटल और दीप्ति सरदेश पाण्डेय द्वारा स्वाद, प्रस्तुति, रचनात्मकता एवं पौष्टिकता के आधार पर किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए राकेश अरोरा, मानव संसाधन प्रमुख मुकेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक और सुमन कुमार सिंह अपर महाप्रबंधक मौजूद रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और इस अवसर को और भी यादगार बनाया



# लम्बी बीमारी के बाद पार्षद का निधन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। नपानि परिवार द्वारा गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए वार्ड क्रमांक 34 की पार्षद रंजना सिंह पटेल पति आरपी पटेल के दुखद निधन पर नगर निगम सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है।**

श्रद्धांजलि सभा में ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, आयुक्त सविता प्रधान सहित सभी पार्षद एवं अन्य अधिकारी द्वारा पार्षद श्रीमति पटेल के छाया चित्र में पुष्प अर्पित कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी गई एवं दो मिनट का मौन रख मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# निर्माणाधीन आवास के हितग्राहियों को नोटिस जारी करें : चन्द्रशेखर

## स्वरोजगार योजना अंर्गत दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति कर दिलाए लाभ, समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर का निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। एकलव्य कन्या परिसर एवं अन्य शासकीय छात्रावासो में ऑन बोर्डिंग की प्रक्रिया को समय पर शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करे। साथ विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित स्वरोजगार योजनाओं में दिए गये लक्ष्य के अनुसार हितग्राहियों को लाभान्वित कराएं।**



उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिया गया। कलेक्टर ने सीएम डैसबोर्ड की समीक्षा करते हुयें राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन, नामांतरण, वटनवारा, अभिलेख दुरूस्ती के लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण पोर्टल में दर्ज करायें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा करते हुये ननि आयुक्त सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे हितग्राही जिनके आवास का कार्य पूर्ण हो गया है, उनकी जीओ टैंगिंग कराएं। साथ ही ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा किस्त प्राप्त करने के बावजूद भी आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नही किया जा रहा है, उनको नोटिस जारी करे। बैठक के दौरान जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, सौरभ मिश्रा सहित जिलाधिकारी मौजूद रहे।

# डेंटल चेकअप कैंप एवं स्टोरी टेलिंग कॉम्पिटिशन आयोजित



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। एनसीएल मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली ज्योत्सना महिला समिति स्थानीय बच्चों के लिए लगातार सांस्कृतिक गतिविधियों व स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।**

इसी कड़ी में गत रविवार को सीईटीआई में समिति के समन्वय से 60 बच्चों का डेंटल चेकअप डॉ. मंतशा ने किया। डेंटल चेकअप में बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने और दाँतों की सही देखभाल के बारे में उपयोगी सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन समिति की अध्यक्षा बीके दुर्गा के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, संगीता नारायण, वीणा सिंह एवं समिति की अन्य सदस्याएँ भी मौजूद रहीं और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे और ज्योत्सना महिला समिति की इस पहल की सराहना की। ज्योत्सना महिला समिति द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों की शृंखला से स्थानीय बच्चों में रचनात्मक अभिव्यक्ति बढ़ रही है तथा नन्ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक नया मंच मिल रहा है।



# सड़क मार्ग की तत्काल मरम्मत हो, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। बैढ़न जनपद के देवरी पंचायत के जिनहर रजबांध की ओर जाने वाले उधम सिंह मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बंद है।**

आज जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली अजा विभाग के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार साकेत के अगुआई में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया। जहां अवरूद्ध मार्ग को दो दिन के अंदर मरम्मत कराने की मांग की है। अन्यथा धरना देने की चेतावनी दी है। परसौना, जिनहर के दर्जनों महिलाएं ज्ञापन के दौरान मौजूद रही।

# प्रधानमंत्री की मां पर की गई टिप्पणी को बेहद शर्मनाक, राहुल माफी मांगे : सीमा

## राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ भाजपा का हल्लाबोल, महिला मोर्चा ने निकाली विशाल आक्रोश रैली, किया पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 सितम्बर। बिहार राज्य में कांग्रेस और पीडीए के मंच पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मॉ पर की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज भाजपा नेत्रियों ने आज बैढ़न शहर में आक्रोश रैली निकाल कर राहुल गांधी का पुतला फूंका।**



आक्रोश रैली जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व एवं विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, देवसर जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक की विशेष उपस्थिति में महिला मोर्चे की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। आक्रोश रैली में शामिल होने अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी पहुंचे। जहां सैकड़ों की संख्या में महिला कार्यकर्ताओं तथा भाजपाइयों ने कांग्रेस एवं राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली के साथ बिलौंजी चौराहे से होते हुये राजीव गांधी चौक पहुंच राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी कर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष समेत समस्त नेताओं ने कांग्रेस पार्टी को संस्कारहीन तथा गैर शिष्टाचारी बताया। वहीं महिला नेत्रियों ने प्रधानमंत्री की माता जी पर की गई टिप्पणी को बेहद शर्मनाक बताते हुए राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। रैली में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, पूर्व मेयर प्रेमवती खैरवार, राजेश तिवारी, लालपति साकेत, राजकुमार दुबे, अरविंद तिवारी, प्रवेंद्र धर द्विवेदी, विनोद चौबे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल, अनीता गुप्ता, संध्या चंद्रवंशी, दुर्गा कनौजिया, पूजा द्विवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहीं।